आवास सचिव डा. आर. राजेश कुमार ने वसंत विहार स्थित नगर एवं ग्राम नियोजन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली का जायजा लिया ● सूवि

आवास सचिव ने किया नगर एवं ग्राम नियोजन का औचक निरीक्षण

राज्य ब्यूरो, जागरण ● देहरादून : आवास सचिव डा आर राजेश कुमार ने बुधवार को वसंत विहार स्थित नगर एवं ग्राम नियोजन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की प्रगति, लंबित फाइलों के निस्तारण, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा की।

सचिव ने अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेह कार्य संस्कृति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गति के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने और लंबित प्रकरणों को शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए। सचिव ने विभागीय प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाने पर जोर देते हुए निवेश प्रोत्साहन और ईज आफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

निवेश और विकास को मिलेगी गति

सचिव ने कहा कि नगर एवं ग्राम नियोजन राज्य के संतुलित विकास की आधारशिला है। एसएएससीआइ 2025-2026 के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल बनाकर निवेश बढ़ाया जाएगा। साथ ही पारदर्शिता, समयबद्धता और टीम भावना से कार्य कर जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

बायोमीट्रिक उपस्थिति एवं अनुशासन पर सख्ती: निरीक्षण के दौरान सचिव ने बायोमीट्रिक उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वालों को नोटिस देने के निर्देश दिए। कार्यालयीन अनुशासन, समयपालन से ही कार्यकुशलता सुनिश्चित होती है।

औचक निरीक्षण में नदारद मिले कर्मचारी

सचिव आवास डॉ.राजेश कुमार ने मांगा स्पष्टीकरण

देहरादून। प्रदेश के सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार बुधवार को अचानक वसंत विहार स्थित नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग पहुंच गए। इस दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा है।

सचिव आवास डॉ. राजेश ने निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से बायोमीट्रिक उपस्थिति का विवरण लिया। अनुपस्थित कार्मिकों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। निरीक्षण के उपरांत डॉ. आर राजेश कुमार ने बागेश्वर एवं गरुड़ की जीआईएस आधारित महायोजना (मास्टर प्लान) की समीक्षा बैठक ली। नगरीय विस्तार, यातायात प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल निकासी व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना विकास से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। कहा, महायोजना को भौगोलिक परिस्थितियों

निरीक्षण करते डॉ. आर राजेश कुमार।

एवं भविष्य की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दिया जाऐ। उन्होंने स्पेशल असिस्टेंस और डिरेगुलेशन के तहत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान सहायक अधिकारी बालेश्वर मुंथिल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजीव कौशिक, श्रद्धा, रूबी, प्रीति सैनी, हिमांशु कुमार, हरीश शर्मा मौजूद रहे। ब्यूरो